दिन–शुक्रवार दिनांक– 19 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. माइक्रोसॉफ्ट साफ्टवेयर में आई गडबडी के कारण भारत सहित दुनिया भर में कामकाज प्रभावित। बैंकिंग सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के अलावा बड़े उद्योगों के कारोबार पर भी पड़ा असर।

02. केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा – बिहार को टेक्सटाईल का हब बनाया जायेगा।

03. राज्य सरकार ने पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए मुखिया और पंचायत सचिवों के अधिकारों में कटौती की। पंचायतों में अब पन्द्रह लाख रूपये से अधिक राशि वाले कार्य के लिए टेंडर निकाला जायेगा।

04. और, गंगा, कोसी, गंडक और महानंदा समेत राज्य के विभिन्न नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। पूर्णियां, कटिहार, सुपौल और अररिया में कटाव से लोग प्रभावित।

———————————————————————

माइक्रोसॉफ्ट साफ्टवेयर में आई गडबडी के कारण भारत सहित दुनिया भर में कामकाज प्रभावित हुआ है। बैंकिंग सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के अलावा बड़े उद्योगों के कारोबार पर भी असर पड़ा है। देश में इंडिगो, अकासा और स्पाइसजेट एयरलांइस का कामकाज भी प्रभावित हुआ है। पूरे विश्व में एयरलाइन्स का कहना है कि उनकी चेक–इन प्रणाली में सुबह से ही गड़बड़ी हो रही है। मुम्बई हवाई अड्डा सबसे अधिक प्रभावित हुआ है जबकि दिल्ली हवाई अड्डे पर कामकाज में सबसे अधिक बाधा टर्मिनल–टू पर आयी। माइक्रोसॉफ्ट के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी मामले में सरकार माइक्रोसॉफ्ट और उसके सहयोगियों के संपर्क में है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस समस्या के कारण की पहचान कर ली गई है और इसे हल करने के लिए अपडेट जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र का नेटवर्क प्रभावित नहीं हुआ है। इस बीच, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम ने माइक्रोसॉफ्ट मामले में सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि क्राउड स्ट्राइक एजेंट फाल्कन सेंसर से संबंधित विंडोज में हाल के अपडेट के कारण गड़बड़ी हो रही है और वे क्रैश हो रहे हैं। क्राउडस्ट्राइक के नवीनतम अपडेट से समस्याएँ आयी है और क्राउडस्ट्राइक टीम ने परिवर्तनों को पूर्ववत कर दिया है।

———————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार को टेक्सटाईल का हब बनाया जायेगा। आज पटना में टेक्सटाईल इनवेस्टर्स मीट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुये श्री सिंह ने कहा कि इससे राज्य में वस्त्र उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। श्री सिंह ने कहा कि कपड़ा मंत्रालय बिहार को टेक्सटाईल्स के क्षेत्र में बड़ा केन्द्र बनाना चाहता है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में डेढ़ करोड़ जीविका दीदियों को वस्त्र उद्योग से जोड़ा जायेगा।

———बाईट———

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री ने कहा कि भागलपुर, नवादा, नालंदा, गया और पटना में रेशम, हथकरघा और हस्तशिल्प के नये केन्द्र खोले जायेंगे। इसके साथ ही बेतिया और मुजफ्फरपुर के बाद बेगूसराय में भी बड़ा टेक्सटाईल कलस्टर विकसित किया जायेगा।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए मुखिया और पंचायत सचिवों के अधिकारों में कटौती कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। अब पंचायतों में पन्द्रह लाख रूपये से अधिक राशि वाले कार्य के लिए भी टेंडर निकाला जायेगा। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इस नियमावली से मुखिया और पंचायत सचिवों की मनमानी पर रोक लगेगी।

———बाईट———

कैबिनेट ने भागलपुर में विक्रमशिला केन्द्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए लगभग अट्ठासी करोड़ रूपये की मंजूरी प्रदान की है। वहीं, बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति दो हजार चौबीस सहित बैठक में कुल सत्ताईस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी।

————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी से नीट यूजी—दो हजार चौबीस के सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम कल दोपहर बारह बजे तक वेबसाइट पर डालने को कहा है। न्यायालय ने उम्मीदवारों के नाम उजागर किए बिना शहर और केन्द्र—वार परिणाम प्रकाशित करने का निर्देश दिया है। इस बीच, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो—सीबीआई ने नीट—यूजी पेपर लीक मामले में एक छात्रा को गिरफ्तार किया है। रांची इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की दो हजार तेईस बैच की एमबीबीएस छात्रा सुरभी कुमारी को गहन पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। झारखंड के रामगढ़ जिले

की मूल निवासी सुरभी कुमारी ने कथित तौर पर पेपर लीक मामले के दोषियों के लिए नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र हल किए थे।

———————————————————————

नीट—यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना से गिरफ्तार चार छात्रों को निलंबित किया जायेगा। एम्स, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉक्टर जी. के. पाल ने कहा कि एमबीबीएस पाठ्यक्रम के दूसरे और तीसरे वर्ष के छात्रों को पेपर लीक में उनकी सहभागिता के आरोप में निलंबन की कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने मॉनसून सत्र के दौरान सभी सदस्यों से सहयोग करने का अनुरोध किया है। श्री यादव ने आज सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में विश्वास व्यक्त किया कि सदन में जनहित के मुद्दों पर सार्थक विचार—विमर्श होगा। विधानसभा अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि अगर सत्र सुचारू ढंग से चलेगा तो इस छोटे सत्र में अधिक कार्यों को निष्पादित किया जा सकेगा। गौरतलब है कि सोमवार बाईस जुलाई से विधानमंडल का मॉनसून सत्र शुरू हो रहा है। छब्बीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठक होंगी।

———————————————————————

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार—चढ़ाव जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान से आठ सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, खगड़िया जिले के बलतारा में कोसी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से पचहत्तर सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। इधर, अररिया जिले में परमान नदी का जलस्तर लाल निशान से नौ सेंटीमीटर ऊपर है। सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के पांच प्रखंडों में बाढ़ से प्रभावित लोगों के बीच राहत और बचाव कार्य जारी है।

———बाईट———

आज शाम 4 बजे तक भीमनगर कोसी बराज से एक लाख 72 हजार 810 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वहीं नेपाल के जल ग्रहण क्षेत्र बराह से एक लाख 47 हजार 125 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। अभी तक एक दर्जन से अधिक कच्चे मकान कोसी में समा चुके हैं। सुपौल सदर, किशनपुर, निर्मली, मरौना और सरायगढ़—भपटीयाही सहित जिले के पांच प्रखंड अभी बाढ़ग्रस्त हैं, जहां राहत और बचाव कार्य जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

कटिहार के अमदाबाद के लखनपुर में कटाव स्थल पर इंजीनियरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

———बाईट———

अररिया जिले से होकर बहने वाली नदियों का जलस्तर फिलहाल सामान्य है। आपदा प्रबंधन विभाग बांधों की सुरक्षा पर पैनी नजर बनाये हुये है। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

इधर, पूर्णियां के बायसी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में कटाव से प्रभावित लोग सुरक्षित स्थानों पर जाने को मजबूर हैं।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रदेश में दक्षिण—पश्चिम मॉनसून के कमजोर पड़ने से वायुमंडल में आद्रता की मात्रा बढ़ गयी है। इसके कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज में सर्वाधिक तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। वहीं, प्रदेश में तेईस जुलाई से एक बार फिर मॉनसून के सक्रिय होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है। विभाग ने तेईस और चौबीस जुलाई को सीवान, गोपालगंज, सीतामढ़ी, दरभंगा, पूर्वी और पश्चिम चम्पारण जिले के अनेक स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

————————————————————————————

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आज पटना में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉक्टर उदय कांत मिश्रा ने कहा कि आपदा की स्थिति से निपटने में जागरूकता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक कर हम आपदा से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं।

————————————————————————————

युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में खेलो इंडिया उभरती प्रतिभा की पहचान—कीर्ति पहल के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य एक मंच पर जमीनी स्तर की प्रतिभा पहचान की प्रक्रिया को सरल बनाना है। इस अवसर पर श्री मांडविया ने कहा कि कीर्ति परियोजना का उद्देश्य पूरे देश में खेल प्रतिभा को तलाशना है।

———बाईट———

स्पोर्ट्स में रही टेंलेंट उसको आइडेंटिफाई करना, ऑल टाइप ऑफ व्यवस्था दे के उसकी स्किल को डेवलेप करने की अपोर्चुनिटी के साथ कंपटीशन में वो पार्टिसिपेट करे, स्वयं भी आगे बढ़े और देश का नाम रोशन करे, ये लक्ष्य को अचीव करने के लिए कीर्ति प्रोजेक्ट के अंतर्गत टेलंट आइडेंटिफिकेशन का कार्य चल रहा है ये फेस–टू है। प्रधानमंत्री जी ने पहले सौ दिन के कार्यक्रम में तय करा है कि हमें एक लाख स्पोर्ट्स में टेलेंट को आइडेंटिफाई करना है और उसको अपोर्चुनिटी देना है।

कीर्ति पहल का उद्देश्य सभी राज्यों की और से दो हजार चौबीस–पच्चीस में बीस लाख एथलीटों के मूल्यांकन का लक्ष्य प्राप्त करना है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. माइक्रोसॉफ्ट साफ्टवेयर में आई गडबडी के कारण भारत सहित दुनिया भर में कामकाज प्रभावित। बैंकिंग सेवाओं और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के अलावा बड़े उद्योगों के कारोबार पर भी पड़ा असर।

02. केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा – बिहार को टेक्सटाईल का हब बनाया जायेगा।

03. राज्य सरकार ने पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए मुखिया और पंचायत सचिवों के अधिकारों में कटौती की। पंचायतों में अब पन्द्रह लाख रूपये से अधिक राशि वाले कार्य के लिए टेंडर निकाला जायेगा।

04. और, गंगा, कोसी, गंडक और महानंदा समेत राज्य के विभिन्न नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। पूर्णियां, कटिहार, सुपौल और अररिया में कटाव से लोग प्रभावित।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।